# अध्याय - 5 | शुष्क कृषि

QUIZ-01



1. **शुष्क खेती का प्रमुख उद्देश्य क्या है?**
   A. अधिक उर्वरकों का उपयोग
   B. सिंचाई जल का संचय
   C. वर्षा जल का संरक्षण और उपयुक्त फसलों द्वारा अधिकतम उत्पादन
   D. गहरे जल स्तर का दोहन (C)

*व्याख्या :* शुष्क खेती का उद्देश्य वर्षा जल का सुनियोजित संरक्षण करके कम जल माँग वाली फसलों से अधिकतम उपज प्राप्त करना है।

2. **राजस्थान का कौन-सा कृषि जलवायु खंड सबसे अधिक वर्षा प्राप्त करता है?**
   A. IA शुष्क पश्चिमी मैदानी क्षेत्र
   B. IVB आर्द्र दक्षिणी क्षेत्र
   C. IIB लूनी नदी का अंतर्वर्ती क्षेत्र
   D. IIIB बाढ़ संभाव्य पूर्वी मैदानी क्षेत्र (B)

*व्याख्या :* IVB क्षेत्र की वार्षिक वर्षा 600-750 मिमी. तक होती है, जो अन्य खंडों से अधिक है।

3. **किस कृषि जलवायु खंड में अजमेर और जयपुर जिले शामिल हैं?**
   A. IA
   B. IIA
   C. IIIA
   D. IIIB (C)

*व्याख्या :* अजमेर, जयपुर, टोंक जैसे जिले IIIA अर्द्ध शुष्क पूर्वी मैदानी क्षेत्र में आते हैं।

4. **शुष्क खेती में किस किस्म का चयन उपयुक्त होता है?**
   A. अधिक समय में पकने वाली किस्म
   B. कम उपज देने वाली किस्म
   C. कम जल माँग और कम अवधि में पकने वाली किस्म
   D. केवल बागवानी फसलें (C)

*व्याख्या :* शुष्क खेती में कम अवधि में पकने वाली और कम जल माँग वाली सूखा सहनशील किस्में चुनी जाती हैं।

5. **निम्न में से कौन-सी फसल गहरी जड़ वाली मानी जाती है?**
   A. चना B. गेहूं
   C. कपास D. मूँग (C)

*व्याख्या :* कपास गहरी जड़ वाली फसल है जो मृदा की गहराई से पोषक तत्व लेती है।

6. **मूंग की उपयुक्त किस्मों में से एक है –**
   A. पूसा बोल्ड
   B. के-851
   C. टी.9
   D. आर.डी.-2508 (B)

*व्याख्या :* के-851 मूंग की एक उपयुक्त किस्म है जो 60-80 दिन में तैयार हो जाती है।

7. **मृदा की नमी बनाए रखने के लिए कौन-सा उपाय उपयोगी है?**
   A. गहरी निराई
   B. केवल रासायनिक उर्वरक
   C. धूल पलवार बनाना
   D. देर से बुआई (C)

*व्याख्या :* धूल पलवार (Dust Mulching) से मृदा की ऊपरी परत को ढककर वाष्पीकरण रोका जाता है, जिससे नमी बनी रहती है।

8. **फसल चक्र में किस सिद्धांत का पालन किया जाना चाहिए?**
   A. एक ही कुल की फसलें लगातार बोना
   B. अधिक खाद चाहने वाली फसल के बाद और अधिक खाद देना
   C. फलीदार फसलों के बाद गैर फलीदार फसलें बोना
   D. गहरी जड़ वाली फसल के बाद पुनः गहरी जड़ वाली फसल (C)

*व्याख्या :* फलीदार फसलें मृदा में नत्रजन जोड़ती हैं, जिससे अगली गैर फलीदार फसल को लाभ मिलता है।

9. **मिश्रित फसल प्रणाली का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
   A. एक ही फसल पर पूरा ध्यान देना
   B. अधिक पानी की खपत
   C. विपरीत मौसम परिस्थितियों में कम से कम एक फसल मिलना
   D. सभी फसलों को एक ही समय काटना (C)

*व्याख्या :* मिश्रित फसल प्रणाली विपरीत परिस्थितियों में भी कम से कम एक फसल से उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए अपनाई जाती है।

10. **अन्तःशस्य खेती (Intercropping) की विशेषता क्या है?**
   A. सभी फसलें एक साथ छिड़की जाती हैं
   B. सभी फसलें एकसमान पकती हैं
   C. मुख्य फसल की दो कतारों के बीच गौण फसल बोई जाती है
   D. केवल दलहनी फसलें बोई जाती हैं (C)

*व्याख्या :* अन्तःशस्य खेती में मुख्य फसल की कतारों के बीच अंतराल का उपयोग करके गौण फसलें बोई जाती हैं।

मिशन ज्ञान पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES